## न्यूज डायरी



### व्लादिमीर पुतिन ने रूसी गैस का रूबल में भुगतान करने को कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्राकृतिक गैस के खरीदारों को रूबल में पेमेंट करने की मांग की है। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि जो भी खरीदार रूबल में पेमेंट नहीं करेगा उसकी गैस सप्लाई को रोक दिया जाएगा। पुतिन के इस धमकी से यूरोपीय देशों में हाहाकार मच गया है। दरअसल, अधिकतर यूरोपीय देशों ने रूबल में पेमेंट करने की मांग को खारिज कर दिया है। रूसी गैस का सबसे बड़ा उपभोक्ता जर्मनी ने तो पुतिन की मांग को ब्लैकमेलिंग करार दिया है। यूरोप पहले से ही प्राकृतिक गैस की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से हलकान है। ऐसे में रूस अगर गैस सप्लाई रोकता है तो यूरोपीय देशों में भुखमरी की नौबत आ सकती है। इतना ही नहीं, करोड़ों लोगों को गैस की कमी से भीषण ठंड का भी सामना करना पड़ सकता है। पुतिन के फैसले के बाद आशंका जताई जा रही है कि यूरोपीय देशों की गैस सप्लाई एक तिहाई तक कम हो सकती है।

### पीएम की फैलाई गंदगी साफ करने को एकजुट हो आवाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की दूसरी पत्नी पत्रकार रेहम खान ने उनकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने पाकिस्तान की जनता से कहा है कि उन्हें इमरान खान द्वारा देश में फैलाई गंदगी को साफ करने के लिए एकजुट होना चाहिए। रेहम ने इमरान खान के बारे में कहा कि अब वो इतिहास हैं। ऐसे में सभी को इस गंदगी को साफ करने के लिए एक साथ आना चाहिए। उन्होंने इमरान खान को नाकाम बताया है। रेहम ने यहां तक कहा है कि इमरान के पास नया पाकिस्तान बनाने लायक न तो समझ है और न ही काबलियत है। उन्होंने इमरान खान द्वारा दिए गए देश के नाम संबोधन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसमें इमरान खान ने कहा कि उनके पास में अल्लाह का दिया सब कुछ था। पैसा, नाम, शोहरत, इज्जत। उन्होंने इस भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि इमरान ने खुद कहा कि उन्होंने बचपन में पाकिस्तान को आगे बढ़ते हुए देखा है।

### ब्रिटेन में थालियों से गायब हुआ खीरा, एक पीस की कीमत 42 रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में बाजारों से खीरा, मिर्च, टमाटर जैसी सब्जियां गायब होने लगी हैं। हालात यहां तक आ गए हैं कि ब्रिटिश सुपरस्टोर में एक पीस खीरे की कीमत 42 रुपये तक पहुंच गई है। खीरा गर्म जलवायु में उगाई जाती है। ऐसे में ब्रिटेन में इस सब्जी को पैदा करने के लिए ग्लास हाउसेज बनाए जाते हैं। इन ग्लास हाउसेज को गर्म रखने के लिए प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण ब्रिटेन में गैस की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। इस कारण ब्रिटिश ग्लास हाउस मालिक इतनी महंगी गैस खरीदकर खीरा उगाने में असमर्थ हैं। ब्रिटेन में पिछले साल के अंत से ही गैस के दाम बढ़ने शुरू हो गए थे।

### चहेते फैज हमीद को पाकिस्तान का नया आर्मी चीफ बनवाना चाहते हैं इमरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान विपक्ष के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में बुरी तरफ फंस चुके हैं। यही कारण है कि इमरान खान की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। तीन अप्रैल को पाकिस्तानी संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होनी है। पाकिस्तानी विपक्षी पार्टियां भी इमरान खान के खिलाफ लामबंद हो चुकी हैं। कहा यह भी जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना इमरान खान का साथ छोड़ चुकी है। सेना और सरकार के बीच में आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल विस्तार और खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ की नियुक्ति को लेकर तनाव है। ऐसे में अगर सेना खुलकर विपक्ष के समर्थन में आती है तो इमरान की सत्ता से विदाई तय है। जनरल कमर जावेद बाजवा का कार्यकाल इसी साल नवंबर में खत्म हो रहा है। जनवरी में जब इमरान खान से बाजवा के कार्यकाल विस्तार के बारे में सवाल पूछा गया तब उन्होंने साफ–साफ कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# कोरोना खत्म हुआ नहीं कि अगली महामारी को लेकर आ गई चेतावनी

**खतरा**

## मच्छरों और कीड़ों से पैदा होने वाली बीमारियों से महामारी का खतरा ज्यादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। कोरोना वायरस के कहर से अब भी जूझ रही दुनिया को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भविष्य की महामारी को लेकर चेतावनी दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कीड़ो से पैदा होने वाली बीमारियां जोखिम को बढ़ा रही हैं। ऐसे में ये बीमारियां अगले महामारी का कारण बन सकती हैं। इन बीमारियों में जीका, यलो फीवर, चिकनगुनिया और डेंगू शामिल हैं, जो मच्छरों और कीड़ों से फैलती हैं। जीका वायरस अफ्रीकी देशों में पहले ही महामारी का रूप ले चुका है। ऐसे में डब्लूएचओ की चेतावनी के बाद दुनियाभर के देश टेंशन में हैं।

**दुनिया के इन इलाकों को ज्यादा खतराः** डब्लूएचओ ने कहा कि मच्छरों और कीड़ों से फैलने वाली बीमारियां अगली महामारी साबित होने की संभावित लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। विशेष रूप से ट्रॉपिकल और सब–ट्रॉपिकल इलाके में रहने वाले




लोगों के लिए खतरा ज्यादा है। इन इलाकों में दुनियाभर के कई देश आते हैं, जिनमें करीब 400 करोड़ लोग रहते हैं। वहीं, विशेषज्ञ कोविड 19 की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए रणनीति बनाना चाह रहे हैं।

**कई बीमारियों ने दी चेतावनी, लेकिन हमने तैयारी नहीं कीः** डब्ल्यूएचओ में ग्लोबल इंफेक्शियस हैजर्ड प्रिपेयरनेस टीम के डायरेक्टर डॉ सिल्वी ब्रायंड ने कहा कि हम दो साल से कोविड –19 महामारी से गुजर रहे हैं और हमने कठिन तरीके से जीना सीखा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में होने वाले नुकसान से बचने के लिए हमें पहले से ही पर्याप्त तैयारी करने की आवश्यक्ता है। हमारे पास 2003 में सार्स बीमारी के बाद अगली महामारी के लिए तैयार रखने का मौका था। इन्फ्लूएंजा 2009 महामारी ने भी हमें चेतावनी दी थी, लेकिन हमने कोई तैयारी नहीं की।

**डब्लूएचओ ने लॉन्च की ग्लोबल अर्बोवायरस इनिशिएटिवः** डब्ल्यूएचओ की नई ग्लोबल अर्बोवायरस इनिशिएटिव के शुभारंभ पर उन्होंने बताया कि अगली महामारी अर्बोवायरस के कारण हो सकती है। इसमें मच्छर और कीड़े से पैदा होने वाली बीमारियां शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पास कुछ संकेत भी हैं कि जोखिम बढ़ रहा है। डब्ल्यूएचओ की नई ग्लोबल अर्बोवायरस इनिशिएटिव के गठन का उद्देश्य कीट–जनित खतरों से निपटने के लिए काम करना है।

**दुनिया में तबाही मचा रही ये बीमारियांः** जीका वायरस ने 2016 में 89 से अधिक देशों में तबाही मचाई थी। जबकि, यलो फीवर साल 2000 से लगातार बढ़ रहा है। इस बीमारी के दुनिया के 40 देशों में फैलने का जोखिम ज्यादा है। इस कारण रोगी को पीलिया और खून की उल्टियां होती है।

डेंगू भी हर साल 130 देशों में 390 मिलियन लोगों को संक्रमित करता है। इस कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी होती है। चिकनगुनिया भले ही कम लोगों की जान लेता है, लेकिन इसका प्रभाव 115 देशों में देखा जाता है।

## रूस के साथ तनाव से मुश्किल में मॉस्को में अमेरिकी राजनयिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। यूक्रेन संकट को लेकर रूस और अमेरिका में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दोनों देश एक दूसरे के खिलाफ जमकर बयानबाजी भी कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कसाई तक बता दिया था। शीत युद्ध के जमाने से दुश्मन रूस और अमेरिका के बीच जारी तनाव का खामियाजा दोनों देशों के राजनयिकों को चुकाना पड़ता है। यूक्रेन संकट के कारण अमेरिका और रूस ने बड़ी संख्या में एक दूसरे के राजनयिकों को देश निकाला दिया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि मॉस्को में तैनात रूसी राजदूत ने कहा है कि हमारे दूतावास में टॉयलेट साफ करने वाला भी कोई नहीं बचा है।

रूस में अमेरिकी राजदूत जॉन सुलिवन ने कहा कि मेरी नियुक्ति के समय दोनों देशों के बीच रिश्ते खराब थे, जो अब बदतर हालात में पहुंच गए हैं। मॉस्को में स्थित अमेरिकी दूतावास में कर्मचारियों की तैनाती सामान्य का 10वां हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सरकार की कर्मचारियों की कटौती के कारण दूतावास को गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मैं जानता हूं कि यह दोनों काम कैसे करना है।



**इमरान खान के हत्या की हो रही साजिश...**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इमरान खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बार राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इस बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने दावा किया है कि अविश्वास प्रस्ताव से पहले पीएम इमरान खान के हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साजिश के बारे में जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने दी है। फवाद चौधरी ने बताया कि इस इनपुट के बाद से इमरान खान की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। वहीं, विपक्षी नेताओं ने कहा है कि इमरान खान को सम्मानजनक विदाई पाने के लिए प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। जबकि, इमरान खान का दावा है कि वह अंतिम समय तक बैटिंग करते रहेंगे।

# यूक्रेनी हेलीकॉप्टरों ने रूस के 40 किमी अंदर घुसकर किया हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच 37वें दिन भी युद्ध जारी है। इस बीच रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेनी हेलीकॉप्टरों ने उसकी सीमा में घुसकर हमला किया है। इस हमले में रूसी शहर बेलगोरोड की एक ऑयल फैसिलिटी तबाह हो गई है। यूक्रेनी हेलीकॉप्टरों ने यह हमला रूस की सीमा के 40 किलोमीटर अंदर घुसकर अंजाम दिया है। पश्चिमी देशों ने आशंका जताई थी कि रूस अपने आक्रमण को सही ठहराने के लिए फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन कर सकता है। यूक्रेन के ताजा हमले से दोनों देशों के बीच शांति की उम्मीदों तो तगड़ा

**यूक्रेन ने नहीं की हमले की पुष्टि**

झटका लगने की आशंका जताई जा रही है। रूस ने तुर्की में शांति वार्ता के दौरान यूक्रेन के अपने सैन्य अभियानों को धीमा करने पर सहमति जताई थी।

**नीचे उड़ान भरकर घुसे यूक्रेनी हेलीकॉप्टरः** रूसी शहर बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेन के दो सैन्य हेलीकॉप्टरों ने शुक्रवार को कम ऊंचाई पर सीमा पार करने के बाद एस –8 रॉकेट हमला किया। इस हमले में बेलगोरोड की फ्यूल स्टोरेज फैसिलिटी पूरी तरह से तबाह हो गई। गवर्नर ने बताया कि हमले के कारण लगी आग से दो कर्मचारी घायल हो गए हैं। इस आग के कारण आसपास के इलाके को भी खाली करवा लिया गया है।

**तड़के 5.43 पर रूस के 40 किमी अंदर किया हमलाः** सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे वीडियो में स्थानीय समयानुसार सुबह 5.43 बजे हुए हमले को दिखाया गया है। इस वीडियो में हेलीकॉप्टर आग की लपटों से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, सैन्य जानकारों का मानना है कि रूस और यूक्रेन एक तरह के ही हेलीकॉप्टर इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सरसरी तौर पर दोनों देशों के हेलीकॉप्टरों के बीच अंतर पता करना काफी कठिन है।

## श्रीलंका में बेकाबू हुई महंगाई के विरोध में राष्ट्रपति आवास के बाहर हिंसक प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के आवास के बाहर हुए हिंसक प्रदर्शन में पत्रकारों समेत करीब दस लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में घायल छह लोगों को कोलंबो राष्ट्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहीं चार अन्य को कलुबोविला के कोलंबो साउथ टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हिंसक प्रदर्शन में घायल हुए सभी पुरुष हैं। इनमें ज्यादातर पत्रकार शामिल हैं। श्रीलंका में मौजूदा आर्थिक हालातों का समाधान निकालने में विफल रही सरकार के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया है। जहां प्रदर्शनकारी मिरिहाना में राष्ट्रपति राजपक्षे के आवास के बाहर पुलिस से भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों की उग्र भीड़ ने श्रीलंकाई सेना की एक बस और एक जीप को आग के हवाले कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस ने कोलंबो के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है।